# क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 190 देहरादून बुधवार 08 जून 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये

## महिला का आधा जला शव मिला



स्टाफ रिपोर्टर

देहरादून। शहर में रेलवे लाइन के समीप एक खंडहर में महिला का अधजला शव मिलने से सनसनी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। खबर लिखने तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी थी। जबकि पुलिस व संबंधित इकाई की और से मौके पर साक्ष्य खोजे जा रहे थे।

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार चौकी लक्खी बाग पर सूचना प्राप्त हुई की एक महिला का आधा जला हुआ शव रीठा मंडी के पास रेलवे ट्रैक के पास खंडहर में पड़ा है। सूचना पर चौकी लखीबाग व कोतवाली नगर से पुलिस फोर्स सहित प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर एक महिला का शव आधा जला हुआ खंडहर में मिला। जिसके दाहिने हाथ पर विमला लिखा हुआ है तथा बाएं हाथ पर दो बच्चों के टैटू बने हैं। मौके पर फील्ड यूनिट की टीम को बुलाकर घटनास्थल की फोटोग्राफी वीडियोग्राफी करते हुए घटनास्थल व आसपास के क्षेत्र से साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भर शव को अग्रिम कार्यवाही हेतु मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस के अनुसार शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के क्षेत्र में लापता महिलाओं की जानकारी जुटाने के साथ ही अन्य एंगल से भी छानबीन की जा रही है।

## बागेश्वर में शारीरिक दक्षता परीक्षा हुई पूरी

देहरादून, विशेष संवाददाता। पुलिस मुख्यालय के मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड पुलिस में आरक्षी संवर्ग (पुलिस पीएसी फायर) के रिक्त 1521 पदों पर भर्ती हेतु प्रथम चरण में शारीरिक नाप जोख एवं दक्षता परीक्षा प्रचलित है। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि बागेश्वर पुलिस द्वारा शारीरिक नाप जोख एवं दक्षता परीक्षा पूर्ण करा ली गई है। उन्होंने बताया कि बागेश्वर जनपद से कुल 8215 अभ्यर्थियों ने भर्ती परीक्षा हेतु आवेदन किया था, जिसमें शारीरिक दक्षता परीक्षा के उपरान्त अगले चरण हेतु 5447 अभ्यार्थी सफल रहे। सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में यह भर्ती प्रक्रिया 15 मई 2022 से प्रारम्भ हुई थी जिसके क्रम में बीते पांच जून तक शारीरिक दक्षता परीक्षा में 142616 अभ्यार्थियों ने प्रतिभाग किया है। जिनमें से लगभग 66712 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफलता हासिल कर अगले चरण हेतु चयनित हुए हैं, जहां उनकी लिखित परीक्षा होगी। समस्त जनपदों में शारीरिक दक्षता परीक्षा को जुलाई के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

## मुख्य सचिव भी मातहत अधिकारियों पर नकेल डालने में नाकामः मोर्चा

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश की जनता का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि उनके शिकायती पत्र मांग पत्रों पर कार्रवाई तो दूर, विभागों में पत्र ढूंढे नहीं मिलते। कई बार व्यक्तिगत प्रयास से एवं खोजबीन करने के बाद पत्र मिलता है, तो तब जाकर कहीं कार्रवाई शुरू होती है। इसके अतिरिक्त कार्यालयों में अधिकारियों की गैर हाजिरी लेटलतीफी भी जनता की परेशानियों में इजाफा करने का काम करती है। नेगी ने कहा कि मुख्य सचिव मातहत अधिकारियों की नकेल कसने में नाकाम साबित हो रहे हैं, अधिकारियों में



खौफ लगभग समाप्त हो चुका है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शासन द्वारा शासन को संदर्भित पत्र पटल पर पड़े–पड़े दम तोड़ रहे हैं तथा जब पीड़ित पक्ष अपने पत्रों की व्यक्तिगत रूप से खोजबीन करता है तब जाकर पत्रावली मूवमेंट करती है। कमोवेश यही हाल विभागीय अधिकारियों का है, जो शासन के पत्रों पर कार्रवाई तो दूर, उनको खोजने की जहमत तक नहीं उठाते। कई मामलों में विभागीय अधिकारी 2– 2 साल बीत जाने पर भी आख्या तक उपलब्ध नहीं कराते। कई बार शासन इतना लाचार हो जाता है कि अनुस्मारक पर अनुस्मारक भेजने के बाद भी जवाब नहीं मिलता। नेगी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर ऐसा ही होता रहा तो जनता को न्याय कैसे मिलेगा। मोर्चा ने मुख्य सचिव से ए.सी. में बैठने के बजाए धरातल पर व्यवस्थाएं परखने को चेताया। इस बाबत संबंधित अधिकारी का पक्ष क्राइम पेट्रोल को नहीं मिल सका था। उनका पक्ष मिलते ही हूबहू प्रकाशित किया जाएगा।

## केन्द्र सरकार हर मोर्चे पर हुई विफल साबितः करन माहरा

नगर संवाददाता

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने केन्द्र की मोदी सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल में भारत ने असफलता के नये रिकार्ड कायम किये हैं। केन्द्र की मोदी सरकार के 8 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार को हर मोर्चे पर असफल बताया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के पास इस 8 वर्ष के कार्यकाल की कोई भी ऐसी उपलब्धि नहीं है जिस पर देश की जनता को गर्व हो। उन्होंने कहा कि अपने पिछले पांच साल के कार्यकाल तथा इस तीन साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने असफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि चाहे किसानों की बात हो,



चाहे बेरोजगारों की, चाहे देश के श्रमिकों व व्यापारियों की मोदी सरकार से प्रत्येक वर्ग त्रस्त है। सरकार की नीतियों के कारण आज किसान व व्यापारी आत्महत्या को मजदूर है, शिक्षित बेरोजगार नौजवानों की बढती फौज ठोकरें खाने को मजबूर है तथा श्रमिक सड़क पर है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि देश की सत्ता पर काबिज होने के लिए भाजपा ने झूठ का सहारा लेकर जनता को भ्रमित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत मोदी सरकार ने कांग्रेस शासन में संचालित विकास की कई योजनाओं को पूर्णतः बन्द कर लोगों का रोजगार छीनने का काम किया। भाजपा की राज्य सरकार के कामकाज पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार राज्य में चल रही चारधाम यात्रा को व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न करने में पूरी तरह से असफल साबित हो रही है। यात्रा के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह संवेदनहीन बनी हुई है। विगत एक माह के अन्दर लगभग 104 से अधिक यात्री अपनी जांन गंवा बैठे हैं जबकि पिछली यात्राओं में पूरे 6 माह में यह संख्या 106 तक ही होती थी। अव्यवस्थाओं के चलते यात्रा मार्गों पर रोज घट रही हृदय विदारक दुर्घटनाओं से राज्य की छवि खराब हो रही है।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह से उड़ीसा के राज्यपाल गणेशी लाल ने की भेंट



देहरादून, नगर संवाददाता। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) से राजभवन में ओड़िशा के राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल ने शिष्टाचार भेंट की। ओड़िशा के राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल उत्तराखण्ड के दौरे पर हैं तथा वह देवभूमि उत्तराखण्ड के कई स्थानों का भ्रमण करेंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने उनसे भेंट कर विभिन्न समसमायिक विषयों पर चर्चा की तथा उन्हें राजभवन का भी भ्रमण कराया। ओड़िशा के राज्यपाल ने राजभवन नैनीताल की वास्तुकला को देखकर इसकी प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तुकला का बेजोड़ और अद्भुत नमूना है यह एक ऐतिहासिक इमारत है। इस दौरान राज्यपाल ने उन्हें बद्रीनाथ मंदिर की प्रतिकृति एवं राजभवन नैनीताल पर आधारित एक पुस्तक भेंट की।

# खेल भावना एक ऐसी भावना है जो जीवन के हर क्षेत्र में काम आती है: सीएम धामी

नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मिनी स्टेडियम पजिटीलानी , वि.ख. कालसी, देहरादून में आयोजित खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मिनी स्टेडियम पजिटीलानी का विस्तार एवं सौन्दर्यकरण का कार्य किए जाने, पजिटीलानी क्षेत्र में पेयजल की समस्या को दूर करने हेतु पेयजल योजना का निर्माण एवं फटेऊ गांव से डांडा छानी तक मोटर मार्ग (5 कि.मी ) का निर्माण कार्य किए जाने की घोषणा की। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 17 वर्ष बाद पजिटीलानी में आयोजित हो रही इस खेलकूद प्रतियोगिता के अवसर पर मैं आप सभी आयोजकों को बधाई देता हूं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन करते हुए स्थानीय जनता के जोश को अतुल्य बताया। उन्होंने कहा आज मैं आप सबके बीच में मुख्य सेवक के रूप में नहीं अपितु एक खिलाड़ी के रूप में आया हूं। उन्होंने जीवन में खेल के महत्व को समझाते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन की उदासी, निरसता को दूर कर देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने बचपन से ही विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया है एवं आज भी खिलाड़ियों से जुड़े हुए कार्यक्रमों में जाने से खुद को रोक नहीं पाते। उन्होंने कहा हमारी सरकार प्रत्येक गांव में मिनी स्टेडियम बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मौजूद संसाधनों के साथ ही सभी विकास कार्य उत्तराखंड में पूर्ण किए जाएंगे। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने प्रत्येक गांव में एक मिनी जिम और ओपन जिम बने इसके लिए हमने स्वस्थ युवा, स्वस्थ उत्तराखण्ड के नाम से योजना प्रारंभ की है। जिसके अंतर्गत कई जगहों के लिए धनराशि भी जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा खेल भावना एक ऐसी भावना है जो जीवन के हर क्षेत्र में काम आती है। उन्होंने कहा हम जो नई खेल नीति लेकर आए है उसमे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को संसाधन की कमी ना हो पाए एवं वह अपने प्रतिभा के आधार पर आगे बढ़े इसकी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा पहले सैनिकों को गोली का जवाब देने के लिए परमिशन लेनी पड़ती थी लेकिन आज दुश्मनों को गोली का जवाब गोलों से दिया जा रहा है।



## छोटी-छोटी खबरें

### बुजुर्ग महिला को चिकित्सकों की टीम ने सीपीआर देकर दिया नया जीवन

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट से उपचार के लिए जिला अस्पताल में आई एक बुजुर्ग महिला को चिकित्सकों की टीम ने कार्डियो पल्मोनरी रेसुसिटेशन (सीपीआर) देकर नया जीवन दिया है जबकि सांसें थम जाने पर परिजनों ने महिला को मृत मान लिया था और अन्य लोगों को भी फोन कर उनको मृत बता दिया था। जब महिला की सांसें दोबारा चलने लगीं तो परिजनों ने खुश होकर चिकित्सक और उनकी टीम की सराहना की। ग्राम चहज निवासी प्रकाश चंद्र जोशी शनिवार को अपनी पत्नी उषा जोशी के साथ मां बसंती देवी (75) को गंभीर हालत में 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर आए। महिला को 20 दिन से शरीर में सूजन और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। डॉक्टर इमरजेंसी में महिला के उपचार में लग गए लेकिन कुछ देर बाद उनकी मां की सांसें एकदम थम गईं। इस पर उन्होंने मां को मृत समझकर अपने परिजनों को फोन कर इसकी जानकारी दी और अस्पताल के बाहर जाकर रोने लगे। इस दौरान आपातकालीन कक्ष में ईएमओ डॉ. रोहित ग्रोवर, फार्मासिस्ट गोपाल सिंह बिष्ट, कक्ष सहायक कमल शर्मा सीपीआर प्रक्रिया देकर महिला को बचाने में जुटे रहे। प्रयासों के बाद उन्होंने बुजुर्ग महिला की सांसें वापस लौटाईं। इसके बाद उन्हें वार्ड में भर्ती किया गया, जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

### पहली जुलाई से चलेंगी हिन्दी टंकण कोचिंग कक्षाएं

रुद्रपुर। प्रभारी सेवायोजन अधिकारी शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र दिनेशपुर आरके पन्त ने बताया कि सेवायोजन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को समूह ''ग''परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग हेतु कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा निदेशालय, उत्तराखण्ड ने शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र, दिनेशपुर में अनु०जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण 18 से 30 आयु वर्ग के अभ्यर्थियों को समूह ''ग'' प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराये जाने हेतु निःशुल्क छः माह हिन्दी टंकण लिपिकीय व्यवसाय की कोचिंग कक्षाएं (1 जुलाई, 2022 से 31 दिसम्बर, 2022 तक) प्रारम्भ की जा रही है आवेदन की अंतिम तिथि 29 जून, 2022 है। उन्होने बताया इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश प्राप्त करने तथा अधिक जानकारी के लिए शिक्षण एवं मार्ग–दर्शन केन्द्र, आईटीआई परिसर, दिनेशपुर एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, रूद्रपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।


## आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला–बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।



**क्राइम पेट्रोल लाइवः**

प्रवीन भारद्वाज– 9837625470

डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772

डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13

दूरभाष : 9837625470

फैक्स : 0135-2740155

ई-मेलः crimepatroleditor@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live

# परिवहन मंत्री ने राजस्व, सड़क सुरक्षा, डिजीटाईजेशन, निर्माण कार्यों एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री चन्दन राम दास की अध्यक्षता में मंगलवार को परिवहन आयुक्त कार्यालय, देहरादून में विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में परिवहन मंत्री द्वारा राजस्व, सड़क सुरक्षा, डिजीटाईजेशन, निर्माण कार्यों एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा की गई। वर्तमान में विभाग द्वारा वाहन स्वामियों से भिन्न–भिन्न नामों से (ग्रीन उपकर, प्रवेश उपकर आदि) करो की वसूली की जा रही है। इससे वाहन स्वामियों में भ्रम की स्थिति बनी रहती है। अतः विभाग द्वारा कर ढांचे को तर्कसंगत बनाते हुए उसका सरलीकरण किया जाये। परिवहन मंत्री द्वारा अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि विभाग का उद्देश्य केवल करों की वसूली ही नहीं होना चाहिए अपितु ऐसे प्रयास करने चाहिए कि जनता को परिवहन विभाग की पारदर्शी और त्वरित सेवा सुगमता से प्राप्त हो सके।




मार्ग पर भ्रमण के दौरान देखा गया है कि विभाग द्वारा यात्रा मार्गों पर जो चेकपोस्टें स्थापित की गयी है, यहां नेटवर्क कनेक्टिविटी न होने के कारण वाहनों के प्रपत्रों की ऑनलाईन जांच नहीं हो पा रही है, जिससे वाहन स्थानियों को अनावश्यक विलम्ब हो रहा है और चेकपोस्ट पर लाईन भी लग रही है। मंत्री द्वारा निर्देश दिये गये कि चौकपोस्टों को ऐसे स्थान पर स्थापित किया जाये जहां कनेक्टिविटी उपलब्ध हो और वाहन स्वामियों को कम से कम परेशानी हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि विभाग द्वारा अधिकतर कार्य ऑनलाईन कर दिये गये हैं परन्तु कार्यों का ऑटोमेशन करते समय यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कि उक्त व्यवस्था का लाभ अपेक्षाकृत कम पढ़े–लिखे चालक–परिचालक को मिले और उसे अनाधिकृत व्यक्तियों के पास न जाना पड़े। परिवहन मंत्री ने बकाया राजस्व के मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि विभाग द्वारा लम्बे समय तक वाहन स्वामियों को मांग पत्र/ वसूली पत्र निर्गत नहीं किये जाते हैं, जिसके कारण वाहन स्वामी के प्रति देय धनराशि बढ़ती रहती है और जब विभाग द्वारा वाहन स्वामियों को बकाया जमा करने का नोटिस दिया जाता है, तब वाहन स्वामी बकाया जमा करने में सक्षम नहीं हो पाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे वाहन के बकाया में आने के एक वर्ष के अन्तर्गत नोटिस जारी करते हुए वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि लम्बी अवधि से बकाया के मामलों के निस्तारण के सम्बन्ध में एक कार्ययोजना विकसित की जाये।

राज्य में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों की बढ़ती संख्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए, कहा गया कि कोई भी दुर्घटना घटित होना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसमें प्रभावित परिवार के साथ–साथ प्रदेश को भी क्षति पहुंचती है। परिवहन मंत्री ने भविष्य में पर्वतीय क्षेत्रों में दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विशिष्ट कार्ययोजना बनाये जाने पर बल दिया। मंत्री द्वारा सभी ब्लैक स्पॉट संवेदनशील स्थलों पर कैश बैरियर लगाये जाने, ओवरस्पीड नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कठोर प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। साथ ही निर्देश दिये गये कि समय–समय पर मोबाईल टीम द्वारा चालक की दशा की भी जाँच की जाए कि कहीं चालक अस्वस्थ अथवा थका हुआ तो नहीं है। चालकों को समय–समय पर प्रशिक्षण प्रदान करने के भी निर्देश दिये गये। कैबिनेट मंत्री जी द्वारा इस बात पर भी बल दिया गया कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर सबसे पहले स्थानीय व्यक्ति ही मदद के लिए पहुंचता है, पुलिस, परिवहन अथवा अन्य विभाग के अधिकारी बाद में पहुंचते हैं।

# शहरी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा की

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। शहरी विकास विभाग के मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने शहरी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री अग्रवाल ने चारधाम यात्रा रूट पर पड़ने वाले 27 शहरों, गंगा नदी के तट पर पड़ने वाले 15 नगरों सहित सभी नगर निकायों में सफाई व्यवस्था, स्थाई और अस्थाई शौचालयों की स्थिति, नाले की सफाई, दवा छिड़काव, पेयजल व्यवस्था आदि स्थितियां जानी और इस पर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। सचिवालय स्थित विश्वकर्मा भवन के पंचम तल वीरभद्र सिंह गढ़वाली सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। सर्वप्रथम श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित मन की बात कार्यक्रम में केदारनाथ में गंदगी को लेकर किए गए जिक्र के संबंध में संबंधित ईओ



से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए जानकारी जुटाई। ईओ को केदारनाथ के आसपास पूरी तरह से साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा कि इसकी वीडियो बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजें। श्री अग्रवाल ने इसी तरह बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के ईओ से स्थिति जानी, जो संतोषजनक पाई गई। श्री अग्रवाल ने चमोली नगर पालिका के ईओ द्वारा प्लास्टिक, पॉलीथिन को बंद करने, बरसात को देखते हुए नालियों को पूर्ण रूप से साफ किए जाने पर प्रशंसा जाहिर की। इसी तरह क्रमवार रूद्रप्रयाग, पौड़ी, बड़कोट, श्रीनगर, रूड़की, हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, लंढौरा, मंगलौर, इमली खेड़ा, सेलाकुई, मसूरी, विकासनगर, झबरेड़ा, हरबर्टपुर, डोईवाला सहित सभी निकायों में सफाई व्यवस्था, शौचालयों, दवा छिड़काव की स्थिति जानी। बैठक के दौरान श्री अग्रवाल ने पिरान कलियर नगर पालिका क्षेत्र में रात्रिकाल में सफाई व्यवस्था न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर सभी नगर निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी जगह तीन शिफ्टों में सफाई की जाएं। कूड़ा उठान का कार्य रात्रिकाल में किया जाए, जिससे अगले दिन लोगों को नगर साफ दिखाई दें। श्री अग्रवाल ने सख्त लहजे में सभी नगर निगम के नगर आयुक्तों, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दवा छिड़काव के बावजूद जिस भी निकाय में डेंगू जैसी बीमारी फैलेंगी, इसके लिए निकाय के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कहा कि छिड़काव में दवा की मात्रा पर्याप्त हो। श्री अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को कहा कि मानसून से पूर्व नालियों को साफ किया जाए। उन्होंने कहा कि डेंगू जैसी बीमारियों से निजात पाने के लिए उसके लार्वा को नष्ट करने का जून माह सही समय है, क्यों कि लार्वा नष्ट न किया गया तो उसके बाद मच्छर पैदा होंगे और स्थिति नियंत्रण से बाहर चली जाएगी। इसके लिए उन्होंने घर–घर टीम भेजकर लार्वा को नष्ट करने के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसे निजी कार्यक्रम जैसे शादी, जन्मदिन महोत्सव आदि, जहां निकाय की ओर से सफाई की जाती है, उनसे न्यूनतम चार्ज भी वसूला जाए, जिससे राजस्व में वृद्धि हो सके। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव आनंद वर्दधन, प्रभारी सचिव विनोद कुमार सुमन, निदेशक ललित मोहन रयाल, विभिन्न नगर निगमों के नगर आयुक्त, नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए जुड़े।

# ऋषिकेश में तहसील दिवस का आयोजन, 111 शिकायतें हुईं दर्ज




क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील ऋषिकेश में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 111 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें सबसे अधिक 95 शिकायतें, आवेदन समाज कल्याण विभाग के पेंशन से संबंधित प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निस्तारण करते हुए भौतिक सत्यापन हेतु संबंधित लेखपाल को प्रेषित की गई हैं। इसके अतिरिक्त विद्युत, राजस्व, वन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, परिवहन विभाग, जल संस्थान, लोनिवि एवं सिंचाई विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई जिनका निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित की गई।

जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियोंध्कार्मिकों को निर्देश दिए कि आज तहसील दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों को समयावधि अन्तर्गत निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियोंध्कार्मिकों को निर्देश दिए संबंधित अधिकारीध कार्मिक अपने पटल पर ही शिकायतों का निस्तारण करें तथा जो शिकायतें जिला स्तर एवं शासन स्तर की है उनको यथाशीघ्र हस्तान्तरित करें ताकि जनमानस को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कार्मिक अपने पटल के कार्य को बोझ न समझें बल्कि सेवाभाव से कार्य करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही कहा कि कार्यों की भौतिक प्रगति आंकड़ों तक ही सीमित न रहे बल्कि धरातल पर कार्य दिखें। तहसील दिवस पर शिकायतकर्ता अजय गुप्ता ने ऋषिकेश से जौलीग्रान्ट–थानों–देहरादून एवं ऋषिकेश–भोगपुर–थानों–देहरादून हेतु बस सेवा शुरू किए जाने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने संभागीय परिवहन अधिकारी ऋषिकेश को रूट का निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जल जीवन मिशन के अन्तर्गत श्यामपुर में कई परिवारों को अब तक पेयजल कनेक्शन न मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को 15 दिन के भीतर पेयजल कनेक्शन करवाते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। श्यामपुर रेलवे फाटक पर जाम की समस्या के निराकरण एवं सड़क चौड़ीकरण के साथ ही अतिक्रमण हटाने व पुलिस की तैनाती कराये जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग, पुलिस एवं तहसीलदार को संबंधित अधिकारियों के साथ तत्काल मौका मुआवना करते हुए व्यवस्था बनाये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ऋषिकेश शैलेन्द्र सिंह नेगी, तहसीलदार अमृता शर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.सी ढौडियाल, संभागीय परिवहन अधिकारी अरविन्द पाण्डेय, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी जे.एस चौहान, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोनिवि, जल संस्थान, विद्युत विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग आदि संबंधित विभागों के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन चला रहा ताबड़तोड़ अभियान

देहरादून, नगर संवाददाता। मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार पुष्कर सिंह धामी द्वारा अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में अवैध खनन, भण्डारण एवं अवैध परिवहन की सूचनाओं पर नियमित छापेमारी करते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में उप निदेशक ज्येष्ठ खान अधिकारी विरेन्द्र कुमार सिंह ने तहसील सदर अन्तर्गत राजपुर कैनाल रोड़ पर अवैध खनन, परिवहन की जांच की गई। जांच के दौरान कैनाल रोड़ स्थित एक प्लॉट में बिना अनुमति के भूमि समतलीकरण का कार्य करते हुए एक जेसीबी एवं दो वाहन (6 टायरा), जिसमें लगभग 10–10 टन उप खनिज मिट्टी के परिवहन हेतु तैयार वाहन को मौके पर पाया गया, जो वर्तमान में राज्य में प्रख्यापित उत्तराखण्ड उप खनिज (बालू, बजरी, बोल्डर) चुगान नीति, उत्तराखण्ड खनिज नियमावली का उल्लंघन है। उक्त वाहनों को थाना अध्यक्ष डालनवाला की अभिरक्षा में रखा गया है तथा उपरोक्त दोनों 6 टायर वाहनों पर रू0 65 हजार तथा जेसीबी पर रूपये 2 लाख की धनराशि का अर्थदण्ड लगाया गया है। जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने अवगत कराया है कि अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी, जिसके लिए समस्त उप जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए है कि वह अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन, की सूचनाओं शिकायतों पर छापेमारी अभियान चलाते हुए निरंतर कार्यवाही करें।

## तहसील कार्यालय व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

नई टिहरी, नगर संवाददाता। जिलाधिकारी इवा आशीष श्रीवास्तव ने तहसील नैनबाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए कि तहसील में रिकॉर्ड रूम को अपडेट रखें इसके साथ ही तहसील स्तर से जारी होने वाले प्रमाण पत्रों को आवेदक को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। तहसील स्तर पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना सुनिश्चित करें साथ ही जिन शिकायतो का जिला स्तर पर समाधान होना है उन्हें जिला मुख्यालय भेजे। नैनबाग में निर्माणाधीन तहसील भवन की धीमी गति पर जिलाधिकारी ने निर्माण दाई संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्माण कार्यों में गति लाने निर्देश दिए हैं। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नैनबाग का निरीक्षण किया। पीएचसी नैनबाग में साफ–सफाई न होने व अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सक को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि नैनबाग तीन जिलों की सीमाओं का संपर्क बिंदु होने के साथ ही चार धाम यात्रा मार्ग का मुख्य पड़ाव है इसलिए पीएसी नैनबाग में स्वास्थ्य सुविधाएं एवं व्यवस्थाओं का मजबूत होना और भी आवश्यक हो जाता है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि पीएचसी नैनबाग के उच्चीकरण को लेकर शीघ्र एक प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। वही चिकित्सालय में चिकित्सा अधिकारी के लिए आवाज ना होने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवास निर्माण से संबंधित प्रक्रिया को त्वरित गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नैनबाग में व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होने पर संबंधित अधिकारी चिकित्सक की जवाबदेही तय की जाएगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी लक्ष्मी राज चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, तहसीलदार साक्षी उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## पर्यटन मंत्री ने काव्य संग्रह पुस्तक आत्मबोध का विमोचन किया



देहरादून, नगर संवाददाता। साहित्यकार रवींद्र सिंह रावत (रवि अकेला) की अन्तस–सागम काव्य संग्रह पुस्तक आत्मबोध का विमोचन मंगलवार को पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने किया। सुभाष रोड स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते हुए पर्यटन मंत्री श्री सतपाल महाराज ने कहा कि यह पुस्तक उत्तराखण्ड में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

शिव आराधक लेखक रविन्द्र सिंह रावत (रवि अकेला) जीवन के प्रारम्भ से ही भगवान शिव शंकर के आराधक रहे हैं। पूजा ही कर्म है के भाव से उन्होंने चिकित्सा विभाग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी। रवि अकेला ने हिमालय की कई गुफाओं में निवास कर साधना की हैं। इसके अलावा कई सिद्ध सन्तों का सानिध्य भी इन्हें मिला। जिसके परिणाम स्वरूप इनके जीवन की रेखा शंकर आराधना के साथ चलती रही और इसी का परिणाम है कि इन्होंने अपने बोध को किताबों में उतारा है।

# पर्यटन मंत्री ने पर्वतारोहण अभियान दल को झंडी दिखाकर किया रवाना

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को श्रीकंठ पर्वत पर्वतारोहण अभियान दल के सदस्यों को सुभाष रोड स्थित कैम्प कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पर्वतारोहण अभियान का उद्देश्य पौधरोपण, पॉलिथीन के उपयोग से बचने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है। इस अभियान से युवाओं को गाइड आदि क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की जानकारी मिलेगी। दल अगले 20 दिनों तक उत्तरकाशी के श्रीकंठ पर्वत पर चढ़ाई करेगा।

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) के सहयोग से इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस पर्वतारोहण अभियान दल में गढ़वाल क्षेत्र के 12 युवक–युवतियां प्रतिभाग कर रहे हैं। दल के सदस्य उत्तरकाशी से 75 किलोमीटर की दूरी वाहन से तय करेंगे तत्पश्चात 03 दिन के ट्रेक को पूरा करते हुए श्रीकंठ पर्वत के बेस कैंप पहुंचेंगे। अगले 20 दिन में यह दल श्रीकंठ पर्वत पर चढ़ाई करेगा। इसी वर्ष सितंबर माह में कुमाऊं मंडल के युवक–युवतियों के लिए छोटा कैलाश पर्वत पर पर्वतारोहण अभियान आयोजित किया जाएगा।

पर्वतारोहण अभियान दल के सभी सदस्यों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड में साहसिक खेलों की अपार संभावनाएं हैं। निश्चित रूप से पर्वतारोहण अभियान दल इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को प्रेरित करेगा और प्रदेश के युवा इस क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार संबंधी जानकारी प्राप्त करने और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रमुख भूमिका निभा सकेंगे। उन्होंने इस तरह के प्रयासों में सरकार द्वारा हर संभव सहयोग दिये जाने का भी आश्वासन दिया।



सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने बताया कि यूटीडीबी ने इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन के साथ मिलकर पहली बार पर्वतारोहण अभियान आयोजित किया है। इसके साथ ही यूटीडीबी की ओर से पर्वतारोहण दल को सहयोग राशि के तौर पर 01 लाख रुपये की धनराशि भी दी जा रही है। इसी साल सितंबर माह में कुमाऊं मंडल के युवक–युवतियों हेतु छोटा कैलाश पर्वत पर पर्वतारोहण अभियान आयोजित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य पर्वतारोहण क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं में अत्यधिक निपुणता लाना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने के अवसर प्रदान कराना है। सचिव पर्यटन ने कहा कि आज के समय में बहुत जरूरी है कि हम स्वस्थ व फिट रहें। इसके लिए आवश्यक है कि साहसिक खेलों की गतिविधियों में हम प्रतिभाग करें। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि उत्तराखण्ड को साहसिक पर्यटन और अच्छे पर्यावरण के लिए जाना जाए, हम इसके लिए लगातार काम कर रहे हैं।

यूटीडीबी के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (साहसिक विंग) कर्नल अश्विनी पुंडीर ने कहा कि राज्य में साहसिक पर्यटन को नई ऊंचाइयां प्रदान की जा सके, इसके लिए राजकीय सहायता देकर सरकार स्थानीय लोगों को सशक्त बना रही है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पलायन को रोकने और ग्रामीण क्षेत्रों को पर्यटन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। यूटीडीबी की ओर से नेहरु पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी के सहयोग से हाई एल्टीट्यूड गाइड कोर्स भी आयोजित किया जा रहा है। बीते कुछ दिनों पहले ही यूटीडीबी की चयन समिति की ओर से प्रदेश के 30 युवक व युवतियों का चयन किया गया है, जिनका प्रशिक्षण नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में चल रहा है। वे सभी प्रतिभागी गंगोत्री से केदारनाथ तक का ट्रैक पूरा करेंगे। इस अवसर पर इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन की अध्यक्ष हर्षवंती बिष्ट, यूटीडीबी की अपर निदेशक/कार्यालय अध्यक्ष पूनम चंद, साहसिक (भूमि विशेषज्ञ) रणधीर सिंह नेगी, पर्वतारोहण अभियान दल के ट्रैक लीडर दिगंबर सिंह चौहान और दल के तकनीकी विशेषज्ञ राजेंद्र नाथ समेत दल के सभी 12 सदस्य उपस्थित रहे।

# दिव्य धाम आश्रम में आध्यात्मिक कार्यक्रम में ध्यान की महिमा को दर्शाया गया

नगर संवाददाता

देहरादून। डीजेजेएस द्वारा दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने शिष्यों को आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर अग्रसर किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। भक्तिमय दिव्य भजनों की श्रृंखला ने उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ा। गुरुदेव आशुतोष महाराज (संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस) के विद्वत प्रचारक शिष्यों ने समझाया कि वर्तमान समय में चहुं ओर फैली अशांति का मुख्य कारण है इंसान के विचारों में व्याप्त नकारात्मकता। आज मनुष्य सहनशीलता व धैर्य जैसे गुणों को भी खोता हुआ दिखाई दे रहा है। एक छोटी सी बात भी आज इंसान को इतना व्याकुल कर देती है कि अंततोगत्वा वह जीवन से ही हार मान बैठता है। अवसाद की खाई में गिर जाता है। आज इंसान सुख और शांति की तलाश में इधर–उधर भाग रहा है। सांसारिक वस्तुएं उसे क्षण–भंगुर सुख तो प्रदान करती हैं परंतु समय के साथ वह फीका पढ़ जाता है। अहम प्रश्न यह है कि क्या सकारात्मकता एवं आनंद



का कोई ऐसा चिर स्थाई स्रोत है जो मानस के भीतर से नकारात्मकता एवं दुःख को नष्ट कर सके? हमारे संतों एवं शस्त्रों ने पहले ही इस शाश्वत स्रोत को खोजा हुआ है। परमहंस योगानंद ने एक बार कहा था कि, "मानव जाति उस कुछ और" की निरंतर खोज में संलग्न है, जिससे उसे पूर्ण एवं अपार सुख प्राप्त होने की आशा है। परंतु वे लोग जिन्होंने ईश्वर को खोजा और पाया है, उनकी यह खोज समाप्त हो गई है। वे जान गए हैं कि वह 'कुछ और' केवल और केवल ईश्वर है।" प्रचारक शिष्यों ने इस तथ्य को उजागर किया कि समय के पूर्ण गुरु की कृपा से प्राप्त शाश्वत् ज्ञान पर आधारित ध्यान–साधना ही इस नकारात्मकता एवं अवसाद जैसी सार्वभौमिक समस्याओं को जड़ से मिटाने में सक्षम है। ध्यान के असंख्य लाभों को नजर में रखते हुए इसका नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए। इसे अपनी जीवनचर्या में एक महत्वपूर्ण अंग बनाने का प्रयास करना चाहिये। भगवान कृष्ण भगवद् गीता में कहते हैं: जैसे प्रज्वलित अग्नि लकड़ी को राख में बदल देती है, उसी प्रकार, हे अर्जुन, ज्ञान की अग्नि कर्मों से उत्पन्न होने वाले समस्त फलों को भस्म कर देती है (अध्याय 4, श्लोक 37)। ध्यान में दिखने वाला प्रकाश, मन के सभी रोगों को जड़ से नष्ट कर देता है।

# महिला और उसकी आठ माह की बच्ची का शव जंगल में मिला

रूद्रपुर, नगर संवाददाता। उधमसिंहनगर जिले के शक्तिफार्म में तीन दिन पूर्व मायके से लापता महिला और उसकी आठ महीने की दुधमुंही बच्ची का शव जंगल में मिला। महिला एक पेड़ पर फंदे से लटकी मिली, जबकि पुत्री का शव जमीन पर पड़ा था। महिला अपनी पुत्री के अन्नप्राशन कार्यक्रम के लिए एक सप्ताह पूर्व अपने आठ वर्षीय पुत्र और बच्ची के साथ मायके रूदपुर गांव आई थी।

रूदपुर ग्रामसभा निवासी जोगेश हालदार की पुत्री पिंकी (33) का विवाह दस वर्ष पूर्व पीलीभीत (यूपी) के गांधीनगर निवासी निताई हालदार के साथ हुआ था। पिंकी आठ महीने की पुत्री जान्हवी के अन्नप्राशन कार्यक्रम के लिए अपने आठ वर्षीय पुत्र यश व पुत्री के साथ 29 मई को अपने मायके रूदपुर गांव आई थी। बुधवार को पुत्री का अन्नप्राशन कार्यक्रम हुआ था। मायके के लोगों ने बताया कि अन्नप्राशन कार्यक्रम के बाद पिंकी ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए ससुराल जाने में आनाकानी करने लगी। पिंकी तीन दिन पहले शनिवार सुबह चार बजे अपनी अबोध बच्ची के साथ घर से कहीं चली गई। थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद परिजन पिंकी और बच्ची को तलाशने में जुटे थे। सोमवार को ग्रामीणों को गांव के पास सूखी नदी से डेढ़ किमी दूर जंगल में पिंकी का शव एक पेड़ में फंदे पर लटका मिला। पास ही आठ महीने की अबोध बच्ची का शव पड़ा था। सूचना पर सीओ ओमप्रकाश शर्मा, कोतवाल प्रकाश दानू और चौकी प्रभारी संजीत यादव ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटी व उसकी मासूम बच्ची की मौत से मायके में मातम पसर गया। मायके पक्ष का कहना था कि अन्नप्राशन कार्यक्रम के लिए आई पिंकी काफी गुमसुम व उदास थी। शुक्रवार को पिंकी की उसके पति के साथ फोन पर बात हुई थी जिसके बाद से पिंकी पूरी तरह असहज थी। इधर सीओ ओमप्रकाश ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या बच्ची को गला घोंटकर या जहर देकर मारने के बाद महिला के फांसी लगाना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। कहा कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय.............

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जाए

विशेष प्रमुख सचिव सूचना अभिनव कुमार ने रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय में सूचना विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिये कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को विभिन्न माध्यमों से जन–जन तक पहुंचाया जाए। सीमान्त जनपदों के लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाए। समाज के अन्तिम पंक्ति पर खड़े लोगों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले, सरकार की इस मंशा को पूरा करने के लिए प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के अलावा अन्य माध्यमों से भी लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाए। विशेष प्रमुख सचिव सूचना ने कहा कि सरकार की योजनाओं एवं राज्य के विकास के लिए हुए महत्वपूर्ण कार्यों की विभिन्न विभागों से सूचना मांगी जाए, ताकि इनकी आमजन को जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि समय के साथ कार्यों में आधुनिक तकनीक का प्रयोग अधिक हो रहा है। सूचनाओं के आदान–प्रदान में आधुनिक तकनीक एवं बेहतर लोक सम्पर्क के लिए जिला सूचना अधिकारियों एवं सूचना अधिकारियों के विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। सरकार की योजनाओं के व्यापक–प्रचार प्रसार के लिए सभी विभागों के समन्वय बनाये रखें। विशेष प्रमुख सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सरकार द्वारा की गई विभिन्न व्यवस्थाओं एवं श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं का भी व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। विभिन्न विभागों द्वारा चारधाम यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं की दी जा रही सुविधाओं के बारे में विभिन्न प्रचार माध्यमों से जानकारी दी जाए। महानिदेशक सूचना रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं एवं राज्य के विकास के लिये किये जा रहे कार्यों का विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। प्रमुख योजनाओं का आम जन को लाभ मिले, इसके लिए लघु फिल्में भी बनाई गई हैं। बैठक में संयुक्त निदेशक सूचना आशिष त्रिपाठी, केएस चौहान, उप निदेशक मनोज श्रीवास्तव एवं रवि बिजारनियां उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री के सख्त निर्देश, चिकित्सालय रेफरल सेंटर न बने



नगर संवाददाता

रूद्रपुर। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी नागरिकों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा मुख्य चिकित्साधिकारी आउट सोर्स से स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, टैक्नीशिनों का स्टाफ तैनात करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्रों में भी वेलनेस सेंटरों की स्थापना की जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनता को अस्पतालों के अधिक चक्कर न लगाने पड़े, यदि आवश्यकता हो तो मरीजों को सप्ताह से लेकर एक माह तक की दवाईयॉ उपलब्ध करायी जायें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्रकार की जॉचों की जांचों पर पैनी नजर बनाये रखे, बिना परीक्षण जांच रिपोर्ट नहीं आनी चाहिए, इस हेतु चयनित डायग्नोस्टिक्स की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जाये। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय रेफरल सेंटर न बने। जो भी डॉक्टर मरीज को रेफर करेंगा वह रेफरल रजिस्टर में स्पष्ट शब्दों में कारण अंकित करेगा। उन्होंने चिकित्सालयों से रफर होने वाले प्रकरणों की जॉच हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता व मुख्य चिकित्साधिकारी सदस्य सचिव वाली समिति का गठन करने के निर्देश देते हुए कहा कि समिति रेफरल प्रकरणों की गहनता से जांच करें। उन्होंने निर्देश दिये कि डॉक्टर्स द्वारा बाहरी दवाईयां न खिली जाये और नितान्त आवश्यकता होने पर ही बाहरी दवाई विशेषकर जेनरिक दवाई ही लिखी जायें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी चिकित्सालयों में मैनेजमेंट स्टाफ की तैनाती की जाये। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत आज पूरी फॉर्म में देखें। उन्होंने यहां कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य अफसरों की बैठक लेकर उन्हें नसीहत दे डाली, साथ ही सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दिया। धन सिंह रावत ने निर्देश दिए कि जन्म प्रमाण पत्र अस्पताल से डिस्चार्ज के साथ ही दिया जाएगा, इसके अलावा जिन अस्पतालों में भी स्टाफ की कमी है, वहां पर और आउटसोर्स से पद भरे जाएं।

# जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझेंगे जनप्रतिनिधि

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

काशीपुर। भाजपा आगामी 15 जून से जनप्रतिनिधि जनता के बीच' पखवाड़ा मनाने जा रही है। इस आशय की जानकारी भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने दी। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि इन 15 दिनों में जनता के बीच रहकर कुछ समय बिताएंगे जिससे उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझा जा सके। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 15 जून से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान में हर एक जनप्रतिनिधि को 75 घंटे जनता के बीच रहना होगा। यानी औसतन 5 घंटे रोज। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सोच के अनुरूप सरकार वही करेगी जो जनता चाहती है। इससे जनप्रतिनिधियों को जनता के मन में किस विषय को लेकर क्या सोच है इसका पता भी सरकार को चल सकेगा। जिसके आधार पर सरकार योजनाएं बना सकेंगी। उन्होंने चंपावत में मिली ऐतिहासिक जीत पर कहा कि अब जनता कांग्रेस को नकार चुकी है। यह जीत बताती है कि जनता अब कांग्रेस मुक्त राज्य चाहती है। उन्होंने चार धाम यात्रा में फैली अव्यवस्थाओं से जुड़े सवालों पर कहा कि कोरोना के चलते दो साल यात्रा बंद रहने के कारण इस साल रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु चार धाम यात्रा पर आ रहे हैं जितने लोग पूरे सीजन में यात्रा पर आते थे उतने एक माह में चारों धामों में पहुंच चुके हैं। सरकार और प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं कि यात्रियों को कोई परेशानी न हो लेकिन थोड़ा बहुत दिक्कत होना भी स्वाभाविक है। गैरसैंण में सत्र ना कराने के सवाल पर भी उन्होंने कहा कि राज्य का अधिक प्रशासनिक अमला और सुरक्षाकर्मी चार धाम यात्रा में व्यस्त हैं जिसके कारण बजट सत्र गैरसैंण की बजाय अब देहरादून में ही कराने का फैसला लिया गया है अन्य कोई कारण नहीं है। यहां यह उल्लेखनीय है कि सरकार इससे पहले भी जनता के द्वार जैसे अभियान चलाने और जनता दरबार लगाने जैसे काम करती रही है लेकिन उनका कोई खास फायदा जनता को नहीं मिल सका है। देखना होगा कि कभी गांव को गोद लेने का अभियान चलाने और सरकार जनता के द्वार जैसे स्लोगन देने वाली सरकार और उसके जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाकर कितना काम आते हैं।




# डीजीएम को सहकारिता मंत्री ने दिए अधिक से अधिक खाते खोलने के निर्देश

क्राइम पेट्रोल संवाददाता



रूद्रपुर। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सहकारिता विभाग की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि रिक्त पदों को भरे जाने के लिए आईबीपीएस के माध्यम से भरने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा जाये ताकि आईबीपीएस के माध्यम से विभाग में भर्ती की जा सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि एनपीए कम से कम किया जाये ताकि विभाग को गेटवे मिल सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रोफेशनल दृष्टिकोण रखते हुए आगे बढ़ा जाये और अपने प्रतिद्वन्दियों को भलि भॉति सझकर आगे कार्य कार्य योजना तैयार की जाये। उन्होंने सभी डीजीएम को अधिक से अधिक खाते खोलने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जो शाखाऐं लगातार घाटे में चल रहीं हैं, उन्हें बन्द न करके अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाये। उन्होंने 2025 तक जनपद का लीड बैंक बनने का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में एनपीए न बड़े और बड़े डिफॉल्टरों से प्राथमिकता के आधार पर वसूली की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सहकारिता विभाग के बैंकों पर की दीवारों पर अपना ही लोगो अंकित हों उन्होंने डीजीएम को कृषि विभाग, को–ऑपरेटिव, डेयरी, मत्स्य, उद्योग विभाग के साथ संयुक्त बैठक आयोजित करते हुए जरूरतमन्द किसानों को समय से ऋण मुहैया कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह, किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह सहित सहकारिता व को–ऑपरेटिव के अधिकारी उपस्थित थे।

# चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए आ रहे श्रद्धालुओं के साथ स्वास्थ्य विभाग निरन्तर सम्पर्क में रहेगा



देहरादून, नगर संवाददाता। चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए आ रहे श्रद्धालुओं के साथ स्वास्थ्य विभाग अब निरन्तर सम्पर्क में रहेगा। खासकर ऐसे यात्रियों पर विशेष ध्यान रखा जाएगा जिन्हें हेल्थ स्क्रीनिंग के उपरान्त विषम स्वास्थ्य परिस्थितियों के अन्तर्गत स्वयं के जोखिम पर उनसे अण्डरटेकिंग प्राप्त कर आगे की यात्रा की अनुमति दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे सभी यात्रियों को स्वास्थ्य जानकारी हेतु हेल्पलाइन नंबर 104 के विषय में विशेष रूप से जानकारी दी जा रही है, ताकि यात्रा के दौरान स्वास्थ्य खराब होने पर श्रद्धालुगण 104 हेल्पलाईन के माध्यम से राज्य कंट्रोल रूम पर सम्पर्क कर त्वरित चिकित्सकीय सहायता ले सकेंगे और संकट में आने पर श्रद्धालुओं की जीवनरक्षा हो सके। स्वास्थ्य सचिव राधिका झा ने यात्रा से संबंधित सभी जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हेल्थ स्क्रीनिंग केन्द्रों पर उन सभी यात्रियों का विवरण/सूची तैयार कर ली जाय, जिनसे अण्डरटेकिंग ली जा रही है और इस सूची को राज्य मुख्यालय पर उपलब्ध करा दी जाय, ताकि 104 हेल्पलाईन के माध्यम से विपरीत परिस्थितियों में श्रद्धालुओं की त्वरित सहायता की जा सके और उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचने में मदद की जा सके। ज्ञातव्य है कि चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित सभी धामों के लिए 09 स्थानों पर हेल्थ स्क्रीनिंग की जा रही है, जहां पर यात्रा आरम्भ होने से आज तक 238646 श्रद्धालुओं की हेल्थ स्क्रीनिंग की गयी है, जबकि 3280 यात्रियों ने अण्डरटेकिंग देकर स्वयं के जोखिम पर अग्रिम यात्रा का फैसला किया है। सचिव स्वास्थ्य ने कहा कि ऐसे सभी यात्रियों की ट्रेकिंग की जानी आवश्यक है, ताकि उन्हें यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की विपरीत स्वास्थ्य समस्या का सामना करना पड़ता है, तो 104 हेल्पलाईन पर वह सम्पर्क कर सकेगें और उन्हें त्वरित चिकित्सकीय सहायता देकर उनकी जीवन रक्षा की जा सकेगी। दिये गये निर्देशों के बाद सभी जनपदों से अण्डरटेकिंग प्राप्त यात्रियों की सूची 104 हेल्पलाईन के पास उपलब्ध रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की कॉल प्राप्त होने पर संबंधित श्रद्धालु को उसकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार रेस्क्यू कर त्वरित उपचार दिया जा सके। चारधाम यात्रा के लिए आ रहे तीर्थयात्रियों में से 80 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल चुका है। इसमें 6091 श्रद्धालु तो ऐसे हैं जिनको आपात स्थिति में चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराई गई है। चारधाम यात्रा के लिए संचालित राज्य कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक चारधाम यात्रा मार्गों पर स्थित स्वास्थ्य इकाईयों में 81308 श्रद्धालुओं द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं का प्रयोग किया गया है। यात्रा के दौरान 471 घायल व्यक्तियों को आवश्यक उपचार दिया गया है और 408 श्रद्धालुओं को एम्बुलेंस से तथा 31 को हैली एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेन्टर पर रैफर किया गया है। यात्रियों की अत्यधिक संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 104 हेल्पलाईन को श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक्ता के अनुसार अपडेट किया गया है। ताकि यात्रियों को नजदीकी चिकित्सा केन्द्र की जानकारी एवं वहां पर उपलब्ध सुविधाओं तक पहुंचने में सरलता हो सके।

# भाजपा के दृष्टि पत्र पर भी चर्चा की जाएगी



नगर संवाददाता

हल्द्वानी। भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मे मिशन 2024 सहित प्रदेश में विकास के मुद्दों पर चर्चा होगी। पार्टी के मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 8 वर्ष पूरे होने और इस अवधि में उनके द्वारा एतिहसिक विकास कार्यों को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा। प्रदेश में नवगठित प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार के रिपीट होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जाएगा। साथ ही उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता का भी पुनः प्रचंड बहुमत की सरकार प्रदेश में देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा। इसके अलावा विकास कार्यों को लेकर पूर्व में बनाये रोड मैप एवं भाजपा के दृष्टि पत्र पर भी चर्चा की जाएगी।

# राज्य सरकार पर राशन विक्रेताओं के उत्पीड़न का आरोप

देहरादून, नगर संवाददाता। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनीष कुमार ने आज राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार लगातार राशन विक्रेताओं का उत्पीड़न करने में लगी हुई है। कमीशन के नाम पर विक्रेताओं को छला जा रहा है ऊंट के मुंह में जीरे की तरह कमीशन दिया जा रहा है जो कि इतनी महंगाई में नाकाफी है। राशन विक्रेताओं को कम से कम 30000 मानदेय प्रतिमाह राज्य सरकार को देना चाहिए, बायोमेट्रिक राशन वितरण को लेकर भी विक्रेताओं पर अनावश्यक दबाव डाला जा रहा है जबकि बायोमेट्रिक में कई लोगों के अंगूठे के निशान नहीं आते जैसे किसान, मजदूर, बुजुर्ग, विकलांग आदि। लैपटॉप चलाने के लिए आज तक इंटरनेट के नाम पर 1 रूपया भी राशन विक्रेताओं को नहीं दिया गया है कई वर्षों से राशन विक्रेता अपने खर्चे पर हीइंटरनेट चला रहे हैं जबकि कम से कम 400 महीने का इंटरनेट हर महीने लगता है अकेले राशन विक्रेता 5 ,6 काम कर रहा है विभाग की ओर से एक भी सहयोगी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा इसके बावजूद राशन विक्रेता ने पूरे कोरोना काल में राशन वितरण किया अपनी जान जोखिम में डालकर। जहां एक ओर सरकारी कर्मचारी 50 से 70000 की तनख्वाह ले रहे हैं वहीं राशन विक्रेताओं को मात्र 10 12000 महीने के कमीशन में लाखों लोगों को राशन वितरण कराया जा रहा है जितना जनता के संपर्क में राशन विक्रेता रहते हैं उतना कोई भी कर्मचारी नहीं रहता परंतु आज राशन विक्रेताओं का राज्य सरकार उत्पीड़न करने में लगी हुई है। अगर सरकार ने राशन विक्रेताओं का उत्पीड़न बंद नहीं किया तो कांग्रेस कार्यकर्ता राशन विक्रेताओं के संग लामबंद होकर सरकार के विरोध आंदोलन करेंगे।

# यूएई आईएलटी 20 लीग के दौरान क्रिकेट के निदेशक होंगे श्रीधर

देहरादून, नगर संवाददाता। श्रीधर यूएई आईएलटी 20 लीग के दौरान कॅप्री ग्लोबल के लिए क्रिकेट के निदेशक होंगे। कॅप्री ग्लोबल का इरादा सही खेल प्रतिभाओं को शामिल करके वैश्विक मंच पर क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है। इस एसोसिएशन पर बोलते हुए, कॅप्री ग्लोबल के निदेशक राजेश शर्मा ने कहा, "कॅप्री ग्लोबल का उद्देश्य राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर खेलों की दृश्यता और लोकप्रियता को सुदृढ़ करना है और इच्छुक प्रतिभाओं के लिए अवसर पैदा करने के लिए घरेलू खेलों को लोकप्रिय बनाना है। हम कोचिंग बियॉन्ड के साथ जुड़कर प्रसन्न हैं, जो योग्य प्रतिभाओं का मूल्यांकन करने में हमारी सहायता करेगा और खिलाड़ियों को अत्याधुनिक खेल प्रशिक्षण बुनियादी ढांचा, विश्व स्तरीय तकनीक और प्रशिक्षण प्रदान करेगा। एक खिलाड़ी और कोच के रूप में श्रीधर का अनुभव लगभग बेजोड़ है और उनकी रणनीतिक अंतर्दृष्टि, कोचिंग दृष्टिकोण और सहयोगी शैली हमारी फ्रेंचाइजी टीम के लिए अमूल्य होगी।

# माहरा ने सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

देहरादून, नगर संवाददाता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने जनपद पिथौरागढ़ के घाट–पिथौरागढ़ नेशनल हाईवे तथा चम्पावत जनपद के डांडामीनार–रीठा साहिब मार्ग पर हुए हृदय विदारक सड़क हादसों पर गहरा दुःख जताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सड़क हादसो में मारे गये लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंनें कहा कि इन हृदय विदारक दुर्घटना से कई लोग असमय काल कल्वित हो गये हैं उनके परिजनों के लिए यह असहनीय दुःख है हम इस दुःख की घडी में उनके साथ हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन महरा ने उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिन्ता प्रकट करते हुए कहा कि राज्य में यात्रा सीजन चल रहा है तथा इस समय वाहनों के आवागमन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। करन महारा ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी से सड़क हादसों में मारे गये लोगों के परिजनों को उचित मुआबजा दिये जाने तथा घायलों के समुचित उपचार के इन्तजाम किये जाने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि सडक हादसों में मारे गये लोगों की आत्म शांति तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करते हुए कहा कि इस दुःख की घडी में पूरा कांग्रेस परिवार सड़क हादसे मे मारे गये लोगों के परिजनों के साथ है, हम सभी कांग्रेसजनों की प्रार्थना है कि ईश्वर मृतकों की आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

# देहरादून




livecrimepatrol@gmail.com

क्राइम पेट्रोल

बुधवार 08 जून 2022, देहरादून।




## नव संकल्प रैली को लेकर कांग्रेसियों में मंथन



नगर संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस पार्टी के उदयपुर नव संकल्प घोषणा के क्रियान्वयन पर चर्चा एवं योजना बनाने हेतु आयोजित नव संकल्प घोषणा क्रियान्वयन कार्यशाला की तैयारी बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय देहरादून में जिला कांग्रेस कमेटी पछवादून, जिला कांग्रेस कमेटी परवादून, देहरादून महानगर अध्यक्षगणों नें बैठक कर आगामी 14 जून को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित होनें वाली नव संकल्प क्रियान्वयन कार्यशाला को लेकर विचार विमर्श किया।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा नें कहा की जिला स्तरीय कार्यशाला में जिला महानगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री व कार्यकारणी के पदाधिकारी, जिले के सांसद, पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी2022, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, सभी फ्रंटल संगठनों व विभागों के जिलाध्यक्ष, ब्लॉक व नगर अध्यक्ष एवं पांच पांच पदाधिकारी, जिले से आने वाले एआईसीसी व पीसीसी सदस्य भाग ले सकेंगे। जिलाध्महानगर अध्यक्ष इन कार्यक्रमों के संयोजक होंगे तथा वे अपने जनपद के किसी भी ऐसे नेता या कार्यकर्ता को जो कार्यशाला की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो आमंत्रित कर सकेंगे।

उन्होनें यह भी बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक ''भारत जोडो'' कार्यक्रम के तहत राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में गोष्ठियां, सम्मेलन एवं तिरंगा यात्राओं के साथ–साथ स्वतंत्रता संग्राम से जुडे सेनानियों एवं उनके परिजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष पछवादून संजय किशोर, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा, जिला अध्यक्ष परवादून अश्वनी बहुगुणा, हरेन्द्र बेदी, अमन उज्जैनवाल आदी कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## सीडीएस टॉपर हिमांशु पांडेय को मंत्री गणेश जोशी ने दीं शुभकामनाएं



हल्द्वानी, नगर संवाददाता। सीडीएस परीक्षा टॉप करने वाले हल्द्वानी निवासी हिमांशु पांडेय के घर पहुँचकर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर उन्हें शुभकामनाए दी। मंत्री ने हिमांशु की माता दीपिका पांडेय एवं पिता कमल पांडेय को भी बधाई दी। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हिमांशु के उज्जवल भविष्य की कामना करती है। विदित हो कि हिमांशु ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीडीएस परीक्षा में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है और उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। हिमांशु ने बताया कि वह जल्द ही आईएमए जोईन करेंगे। हिमांशु के पिता हल्द्वानी में ही एक निजी कम्पनी में ड्राइवर हैं और माता ग्रहणी है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, भाजपा नेता कैलाश पंत, निरंजन डोभाल, चंद्र प्रकाश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## साइबर सैल द्वारा वापस करायी गयी 22,800 रूपये की धनराशि



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

चमोली। पुलिस अधीक्षक चमोली श्वेता चौबे द्वारा साईबर अपराधों की रोकथाम हेतु गठित साईबर सैल द्वारा जनपद में साइबर फ्रॉड सम्बन्धी किसी भी शिकायत पर क्षेत्राधिकारी साइबर नताशा सिंह के पर्यवेक्षण में तत्परता से कार्य करते हुए साइबर ठगी का शिकार हुए लोगों के खाते में धनराशि वापस कराई जा रही है। इसी क्रम में अजय कृष्णा बिष्ट निवासी चमोली द्वारा साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी। जिसमें उनके द्वारा जानकारी दी गयी की 'क्रिप्टो एक्सचेन्ज बिनान्स' पर उनके द्वारा एक्सचेन्ज करने हेतु अन्जान व्यक्ति को 2800 रू दिये गये, जिसके पश्चात उक्त व्यक्ति द्वारा ना ही उनके पैसे वापस किये गये। उक्त शिकायत पर साइबर सैल द्वारा त्वरित कार्यावाही करते हुए सम्बन्धित कम्पनी से पत्राचार कर तकनीकी सहायता से उक्त व्यक्ति के खाते में 2,800 रू की धनराशि वापस कराइ गयी, शिकायतकर्ता द्वारा जानकारी दी गयी की उनके खाते में उक्त धनराशि आ गयी है। एक अन्य मामले में छह जून को योगेश कुंवर निवासी गैरसैंण द्वारा साइबर सैल चमोली को जानकारी दी गयी कि किसी अन्जान व्यक्ति द्वारा फोन कॉल कर खुद को परिचित बताकर गूगल पे के माध्यम से उन्हें पैसे भेजने की बात कहकर उनके साथ 20,000 रू. की साइबर ठगी की गयी है। उक्त शिकायत पर साइबर सैल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित कम्पनी से पत्राचार कर तकनीकी सहायता से उक्त व्यक्ति के खाते में 20,000 रू. की धनराशि वापस कराई गयी। शिकायतकर्ता द्वारा धनराशि वापस आने की जानकारी साइबर सैल को दी गई। साइबर ठगी का शिकार उपरोक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा उनके खाते में धनराशि वापस आने पर साइबर सैल का सहृदय धन्यवाद किया गया।

## नालियों से सरकारी किताबों का मिलना दुर्भाग्यपूर्णः अमित जोशी

AAP
Aam Aadmi Party

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित जोशी ने एक बयान जारी करते हुए राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि पूरी सरकार 2 दिनों से हल्द्वानी में अपने कार्यक्रमों में व्यस्त है और मुख्यमंत्री की विधानसभा में शिक्षा के नाम पर भद्दा मजाक किया जा रहा है। अमित जोशी ने चंपावत के पाटी ब्लॉक के पोखरी गांव के नाले में सरकारी पाठ्य पुस्तकें के फेंके जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि एक ओर तो सरकार उच्च शिक्षा और अच्छी शिक्षा की बात करती है और दूसरी ओर सरकारी विद्यालयों में बांटी जाने वाली किताबों को नालियों से बरामद किया जा रहा है। इससे बड़ा दुर्भाग्य इस प्रदेश का क्या हो सकता है और कैसे इस प्रदेश के नौनिहालों का भविष्य संवरेगा।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पाटि ब्लॉक के पोखरी गांव में सड़क से लगे नाले में पाठ्यपुस्तक मिली जिसके बाद ये मामला सबके संज्ञान में आया। यह सभी फेंकी गई किताबें कक्षा 6 से 8 तक की हिंदी, गणित और विज्ञान विषय की किताबें हैं जिन्हें छात्रों को बांटा जाना था। अमित जोशी ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री से यह मांग करती है कि इस मामले में तुरंत गंभीरता दिखाते हुए दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित।
क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, फैक्स : 0135-2740155 नोटः– समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।